दैनिक जागरण 24/08/2022

## शिक्षा के साथ कमाई के लिए प्रेरित किया प्रेरित

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में प्राचार्य डा. वीके जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक डा. अनुपमा सिहाग भी विशेष तौर पर मौजूद रहीं। इस दौरान पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि शिक्षा ग्रहण करते हुए भी विद्यार्थी किसी संस्था में कार्यरत हो जाएं। कालेज इसके लिए अवसर प्रदान करता है। डा. अनुपमा सिहाग ने कहा कि यह विद्यार्थियों की अपनी कुशलता और क्षमता है जिसके माध्यम से उनका चयन अलग-अलग स्थानों पर होता है। इससे वे स्वयं तो रोजगार प्राप्त करते ही हैं, साथ ही अपने परिवार और सहपाठियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य भी करते हैं। इस अवसर पर डा. सीमा कांसल, डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. राकेश कुमार, डा. रवनीत कौर, श्याम रहेजा उपस्थित रहे।